हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 दीपावली के पूर्व आयोजित कराया भगवान श्रीराम का...



09 खाद-बीज वितरण व्यवस्था सरल हो, किसानों ...







मेन डीलर: सिद्धिसार्थी टीवीएस रायसेन 9303814615 9039169946 बम्होरी आउटलेट 9129109274 9713238885 सांची आउटलेट 9753752933, श्री नारायण टीवीएस देहगांव 9826441627, सिवी टीवीएस, गैरतगंज 94256535354 7999934324, श्रीजी टीवीएस, गैरतगंज 7649089547, निमित टीवीएस, बेगमगंज 9109834983 9109834983, ग्लोबल टीवीएस सिलवानी 6266504460, लाभांशी टीवीएस बरेली 6266504460 9617784837, तिवारी मोटर्स बरेली 8850878701 8349151709, मान्या टीवीएस सुल्तानपुर 8120053803, महावीर टीवीएस उदयपुरा 9893509802 8319465058, ओम साई राम टीवीएस अब्दुल्लाहगंज 7987999256 7999588493, केडी टीवीएस मण्डीदीप 9755583049 9893763192

# कार्तिक एकादशीः बेतवा नदी के रिपटा घाट पर हुआ तुलसी अर्चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कार्तिक मास की एकादशी पर शुक्रवार को बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर श्रद्धालुओं ने प्रातः भगवान की पूजन कर दीपदान किया। प्रातः 5 बजे से ही श्रद्धालु नदी पर डुबकी लगाने पहुंचने लगे थे। बसे अधिक संख्या महिला श्रद्धालुओं की थी। सूर्योदय से पूर्व ही श्रद्धालुओं ने अपना पूजन अर्चन कर दीपदान कर लिया था। इसके पश्चात पंडित भागीरथ शास्त्री के सानिध्य में भगवान शिव का अभिषेक करने के बाद बेतवा घाट पर तुलसी अर्चन किया गया। 1000 मत्रों के जप के साथ मां-बेत्रवती को तुलसी अर्चन की गई। घाट पर शरद पूर्णिमा से कार्तिक स्नान प्रारंभ हुआ है जो कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा। कार्तिक मास में पर्व त्योहार के साथ ही मंगल कार्यों के करने का शुभ



मुहूर्त भी है। 5 नवंबर तक कार्तिक मास है। वैसे तो इस मास में कई व्रत त्योहार होने से व्रतियों को काफी कुछ लाभ मिलता है लेकिन कार्तिक मास में दीप दान करने का अलग ही महत्व है। इस मास में दीपदान करने से कई पर्व का फल मिलता है। दीपदान का अर्थ होता है आस्था के साथ दीपक प्रज्वलित करना। कार्तिक में प्रत्येक दिन दीपदान जरूर करना चाहिए। पंडित भागीरथ शास्त्री ने बताया कि अग्निपुराण में कहा गया है कि दीपदान से बढ़कर न कोई व्रत है, न था और न होगा। पद्मपुराण में भी भगवान शिव अपने पुत्र कार्तिकेय से कार्तिक मास में दीपदान के महत्व को बताया गया था। पंडित संजय शास्त्री ने बताया कि कार्तिक मास में अपने घर के आंगन में तुलसी जी के पास, अपने घर के पूजन स्थान पर, मंदिरों में या गंगा घाट पर इत्यादि जगहों पर घी का एवं तिल के तेल का दीपक जला कर दीपदान कर सकते हैं। ऐसा करने से सभी व्रत का पुण्य फल प्राप्त किया जा सकता है व अपने पितरों को प्रसन्न कर सकते हैं। कार्तिक मास की एकादशी के अवसर पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां वेत्रवती में डुबकी लगाकर स्नान किया तत्पश्चात तुलसी अर्चन किया गया।

## खबर संक्षेप

### एनएसयूआई ने जलाया पुतला

**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मंदसौर नगर मंत्री उमेश जोशी एवं परिषद के अन्य तीन छात्र नेताओं द्वारा मंदसौर के एक शासकीय महाविद्यालय में आयोजित युवा उत्सव में भाग लेने आई छात्राओं के कपड़े बदलते समय उजालदान से फोटो और वीडियो बना लिए। एबीवीपी का चल चरित्र एक बार और उजागर हुआ। एबीवीपी के छात्र नेताओं द्वारा किया गया यह कृत्य बहुत ही शर्मनाक है विद्यार्थी परिषद बातें तो बहुत बड़ी करते हैं कि हम छात्र-छात्राओं की लड़ाई लड़ते हैं पर उनके ही छात्र नेताओं द्वारा ऐसा शर्मनाक कृत्य किया जाता है। एबीवीपी सिर्फ झूठ बोलकर राजनीति करती है असलियत में वो छात्र विरोधी संगठन है। जिसके विरोध में ही आज हमने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का पुतला जलाया। एनएसयूआई छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए हमेशा आगे रहेगी और एबीवीपी जो की छात्र विरोधी हैं उसका विरोध करेगी। हमारी बहनों के साथ ग़लत कृत्य हुआ है हमारी सरकार से माँग है कि एबीवीपी के उन छात्र नेताओं पर सख्त कार्रवाई करें।

### कृषि उपज मंडी में रहेगा अवकाश




**गंजबासौदा।** कृषि उपज मंडी 17 से 22 अक्टूबर तक लगातार छह दिनों के लिए बंद रहेगी। दीपावली पर्व के कारण छुट्टी घोषित की गई है। जिसके चलते मंडी में कृषि उपज की डाक नीलामी भी स्थगित रहेगी। किसानों को इसकी सूचना दे दी गई है। मंडी समिति की ओर से जारी सूचना के अनुसार इन छह दिनों की अवधि में कोई भी व्यापारिक गतिविधि नहीं होगी। छुट्टी के कारण किसान अपनी उपज मंडी में नहीं ला पाएंगे। मंडी समिति ने अनाउंसमेंट के माध्यम से पूरे मंडी परिसर में किसानों, व्यापारियों और कर्मचारियों को इस छुट्टी की सूचना दी गई है। यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी किसान को छुट्टी के दिन अपनी उपज लेकर मंडी आने से होने वाली परेशानी से बचाया जा सके। पूर्व में कई बार छुट्टी की जानकारी न होने के कारण किसानों को अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचने पर परेशानी का सामना करना पड़ा था।

### आज विद्युत प्रदाय रहेगा बंद


**गंजबासौदा।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राजेन्द्र नगर फीडर पर शनिवार को मेंटेनेंस कार्य होने के चलते सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। विद्युत उपभोक्ता से विद्युत वितरण कंपनी सहयोग की अपील करती है। यहां उल्लेखनीय है कि विद्युत कंपनी द्वारा हर सप्ताह मेंटेनेंस किया जा रहा है, इसके बावजूद प्रतिदिन ही नगर में अघोषित कटौती की जा रही है। अब नागरिकों को समझ नहीं आ रहा है कि मेंटेनेंस किसका हो रहा है।

## कल से अवकाश घोषित, स्कूलों में मनाया गया दीप महोत्सव

# दीपावली के पूर्व आयोजित कराया भगवान श्रीराम का भव्य आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






शनिवार से स्कूलों में दीपावली का अवकाश घोषित हो गया है। इसको लेकर स्कूलों में शुक्रवार को ही दीपोत्सव, प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही बच्चों को दीपावली पर्व का पौराणिक एवं वैज्ञानिक महत्व समझाया गया और सभी को दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी एवं माय स्कूल में श्रीराम आगमन का कार्यक्रम संपन्न हुआ एवं दीपोत्सव मनाया गया। भारतीय संस्कृति में दीपावली का त्योहार भगवान राम के अयोध्या वापसी के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यही उत्सव बच्चों को संस्कार देने के उद्देश्य से विद्यालय में भी मनाया गया। इस वर्ष भी भगवान राम जब सुभाष निकेतन के द्वार पर पहुंचे तो विद्यार्थियों के रूप में सभी अयोध्यावासियों ने भगवान राम की भव्य अगवानी की। महाराज भरत ने उनको खड़ाउ पहनाए, माताओं ने आरती उतारी और पुष्प वर्षा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने भी श्रीराम की अगवानी की और द्वार पर ही भगवान राम की झांकी की आरती उतारी। इसके उपरांत झांकी को मंच तक ले जाया गया। मैदान में दोनों और खड़े बच्चों ने झांकी पर पुष्प वर्षा की मंच पर भगवान को विराजमान किया गया, जहां उनका राज्याभिषेक किया गया। इसके उपरांत अतिथियों ने राम दरबार की आरती उतारी विद्यालय के स्टाफ एवं बच्चों ने आरती की और खुशियां मनाई गई। विद्यालय के भैया बहनों ने भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम अपनी भारतीय संस्कृति से परिचय कराए जाने के लिए आयोजित किया जाता है, दीपावली के दिन भगवान राम अयोध्या वापस पहुंचे थे। इसी खुशी में दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है उन्होंने कहा कि बच्चे भारतीय संस्कृति से परिचित हो यह आज की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों के कार्यक्रमों की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश देव ने करते हुए पांच दिवसीय दीपावली उत्सव के महत्व को बताया। इस मौके पर अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

उधर श्रीमती रतनबाई जैन उमावि में भी दीपोत्सव पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढकर एक रंगोलियां सजाईं, दीपों की सजावट की, ग्रीटिंग कार्ड बनाए। इन सभी प्रतियोगिताओं में विजेताओं की घोषणा भी की गई, जिन्हें आगामी समय में पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को दीपावली के महत्व को बताया और एक साथ बिना भेदभाव के साथ पर्व मनाने की सीख दी। इसके साथ ही सभी विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

दूसरी ओर नवांकुर विद्यापीठ एवं डाल्फिन स्कूल में भी दीपोत्सव मनाया गया। एक ओर जहां बच्चों के बीच रंगोली, दीप सजाओ प्रतियोगिता हुई। वहीं छोटे छोटे बच्चों के बीच श्रीराम आगमन का मंचन किया गया। जिसमें बच्चों ने आकर्षक ढंग से श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान के वेश धारण किए और अन्य विद्यार्थियों ने पुष्पवर्षा कर एवं दीप जलाकर उनकी भव्य अगवानी की। इस मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रमों में बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण वर्ग की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस सेवा भारती विदिशा, बासौदा, सिरोंज की शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण वर्ग एवं दीपावली उपहार, मानधन की बैठक आदित्य परिसर में आयोजित की गई। बैठक में सभी शिक्षिकाओं को दीपावली का उपहार वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष वर्षा अग्रवाल, राजबाला बघेल, रितु शर्मा, विभाग संयोजक राजेश भार्गव, नीता विनोद शाह विशेष रूप से उपस्थित थे।

## घर की सफाई के साथ मन की सफाई जरुरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र में दीपावली मिलन का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी, रेखा दीदी, नन्दनी दीदी और अनु दीदी सहित अन्य ब्रह्माकुमारी बहनों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने कहा कि दीपावली त्यौहार में हम सब जिस प्रकार घर की सफाई का ध्यान रखते हैं उसी प्रकार अन्तर्मन की सफाई भी जरूरी है। बाहर के अन्धकार को तो मिट्टी के दीपक जलाकर दूर कर सकते हैं किन्तु अन्तर्मन में छाए हुए अन्धकार को दूर करने के लिए हम सभी को शुभसंकल्पों के दीप जलाने होंगे।

उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि आओ हम सभी सत्य परमात्मा से सत्य ज्ञान लेकर अपने जीवन को पावन बनाएं। अपनी आत्म ज्योति जगाकर ईश्वरीय मिलन का वास्तविक सुख प्राप्त करें। ऐसे मनोपरिवर्तन से ही पृथ्वी पर स्वर्ग आएगा जहाँ श्री लक्ष्मी और नारायण का राज्य होगा। आत्मा ही सच्चा दीपक है। विकारों के वशीभूत हो जाने के कारण आत्मा की चमक आज मलिन हो गयी है। लोगों का अन्तर्मन काम, क्रोध आदि विकारों के अधीन हो चुका है। ऐसे विकारी मनुष्यों के बीच श्री लक्ष्मी का शुभागमन भला कैसे हो सकता है? यह कैसी विडम्बना है कि अन्तर्मन की सफाई करने की जगह हम लोग घर की सफाई करके ही खुश हो जाते हैं। हमें हमेशा दूसरों के लिए अच्छा सोचना चाहिए। शुभ सोचेंगे तब हमारा लाभ होगा।


इसलिए हमारी भारतीय संस्कृति में जब कोई नया कार्य शुरू करते हैं तो स्वास्तिक के साथ शुभ और लाभ लिखते हैं क्योंकि शुभ के साथ लाभ जुड़ा हुआ है। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी अपनी भावना रखते हुए कहा कि हमारे भारत देश में हम जो भी पर्व मनाते हैं वह अपने आप में विशेष आध्यात्मिक रहस्य लिए हुए होते हैं, जीवन के साथ इनका सीधा-सीधा जुड़ाव होता है, इनसे आध्यात्मिक उन्नति होती है समाज को भी कुछ मिले, राष्ट्र को भी कुछ मिले। तो वास्तव में दीपक तो जलाना है लेकिन आत्म दीपक जगाना है। अब इस कमजोरी को समाप्त करने के लिए हमें आत्मदीप जगाना है और फिर सच्ची दिवाली मनाना है। लक्ष्मी के लक्षण संपन्न स्वर्णिम दुनिया आएगी तब घर-घर खुशियों की दिवाली होगी।

# रंगोली के रंगों में दिखा भारतीय सेना का सिंदूर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में दीपोत्सव की धूम दिखाई दी, जहां प्राइमरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने दीप उत्सव के आयोजन को रंगोली के रंगों और आकर्षक दीप सजाकर दीपोत्सव का उत्साह और बढ़ा दिया। स्कूल परिसर में सैकड़ों बच्चों के द्वारा थीम के साथ बनाई रंगोली के रंगों में जहां हिंदू हृदय सम्राट वीर शिवाजी महाराज का वीर स्वरूप उभर कर दिखाई दिया तो भारत सरकार के सिंदूर अभियान को बच्चों ने बेहतरीन तरीके से उभारकर दर्शकों को राष्ट्रभाव से भर दिया। रंगोली के रंगों में भारतीय संस्कृति के प्रतीक चिह्न कलश, मोर, शिव-पार्वती, राम-सीता, श्रीफल, स्वास्तिक के चित्र रंगोली के रंगों में उभारकर दीपोत्सव को उभार दिया। रंगोली की कई कलाकृतियों में रंगों के अद्भुत रंग संयोजन से मन मोह लिया। संस्था के बच्चों के बीच 'कबाड़ से जुगाड़' थीम पर दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रायमरी से लेकर हायर सैकेण्डरी तक के छात्र-छात्राओं ने मिट्टी से निर्मित प्रकाश के प्रतीक दीपकों की आकर्षक सजावट की। संस्था की कोऑर्डीनेटर प्रियंका अग्रवाल एवं एनएसएस बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता ने बताया कि संस्था के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्र-छात्राएं अपने साथ ही दीपक सहित अन्य सौन्दर्य सामग्री लेकर आए और करीब एक घंटे की समय सीमा में दीपकों की शानदार सजावट की।

प्रतियोगिता के बाद कई दीपक एक साथ प्रदर्शित किए गए। संस्था प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, बालक इकाई प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान सहित शिक्षक परिवार ने प्रतियोगिता का अवलोकन कर बच्चों के उत्साह और कला की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान खास बात यह रही कि प्रतियोगिता में छात्राओं के साथ छात्रों की अधिकतम भागीदारी ने दीपोत्सव के वातावरण को उल्लास प्रदान किया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दीप सजाने के साथ कबाड़ से जुगाड़ थीम को भी जाग्रत कर दिया। प्रतियोगिता में तीनों वर्गो से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं के साथ श्रेष्ठ दीपक सजाने वाले बच्चों को पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाएगा। संस्था डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव ने स्कूल के सभी बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को दीपावली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।




## दीपावली पर ट्रेनों और बसों में बढ़ गई भीड़



**गंजबासौदा।** दीपावली के त्यौहार पर घरों की ओर जाने वाले यात्रियों के कारण रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर यात्रियों की खासी भीड नजर आ रही है। इन यात्रियों के कारण ट्रेनें और बसें पूरी तरह ठंसी जा रही हैं। इनमें से अधिकांश यात्री ग्रामीण क्षेत्र के और मजदूर या छोटे कर्मचारी वर्ग के हैं। साथ ही इलाके में फसल कटाई के लिए आने वाले बाहरी मजदूर भी शामिल हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष आयोजित

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच बांटेगा गौमय दीपक, वस्त्र, मिठाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस शताब्दी वर्ष आयोजन के तहत वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार की प्रेरणा व मार्गदर्शन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबधित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का गौ सेवा प्रकोष्ठ जिला गंजबासौदा के दलित आदिवासी पिछड़े वर्ग के निर्धन गरीब एक सौ परिवारों में दीवाली की खुशिया रोशन करेगा। गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया मंच हर साल की तरह कामधेनु दीपावली मनाने व संघ शताब्दी वर्ष पर एक सौ घरों में गौमय दीपकों से रोशनी कर दीपावली की खुशिया बांट रहा हैं। इसी के साथ विदेशी सामान मुक्त स्वदेशी अपनओ अमरीकी सामान व चीनी लाइट झालर के बॉयकॉट की मुहिम भी लगातार चलाई जा रही है। इसी के साथ मंच के मार्गदर्शक इन्द्रेश कुमार के नेतृत्व मे दिल्ली दरबार हजरत निजामुद्दीन औलिया के दर पर दिया रोशन कर जश्न ऐ चिरागा पर्वाधिराज महापर्व दीपावली का आगाज करेगा। विकसित भारत के लिऐ राष्ट्रीय एकता सबसे जरूरी है आपस मे बंट गये तो चीन, पाकिस्तान, आंतरिक आतंकवादी, अर्बन नक्सली और दुश्मन देश इसका फायदा उठाते रहेगे। समाजसेवी फेरन सिंह लोधी ने कहा कुछ लोग है जो चाहते है देश में महिषासुर, कंस, रावण जैसे असुर राक्षस पूजे जाऐ लेकिन हम अपनी एकता अखंडता से रामराज्य बनाऐगे। रावण केवल एक नाम नहीं विकृत मानसिकता है एक असुरी विचारधारा है जो भी व्यक्ति रावण को फालो करता है निश्चित ही उसके मन में किसी सीताहरण की कामना रहती होगी। समाजसेवी चतर सिंह ने कहा जब देश की बात हो, तो सभी का स्वर एक ही होना चाहिए ।पाच दिऐ अधिक जलाइऐ एक सामने ,एक दाईं, एक बाईं, एक पीछे वाले मकान, एक दिया शहीदों के नाम जरूर रखिए। साक्षरता सह समन्वयक महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा हम सबको आपस मे सामाजिक समरसता बढ़ाना है ताकि अब कोई अंग्रेज मानसिकता फूट डालकर राज न करें। इस अवसर पर मंच द्वारा गौ मय दीपक मिठाई वस्त्र वितरण कर अपनी एक सौ घरों तक दीपावली की खुशिया बांटने के अभियान का शुभारंभ किया गया।

## विद्यार्थियों ने बनाए सजावटी सामान



**त्योंदा।** शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा में व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत अपैरल ट्रेड की अनेक छात्राओं ने प्रायोगिक कार्य के अंतर्गत सजावटी सामान बनाए गए। जिनकी विद्यालयीन स्टॉफ एवं अन्य छात्रों द्वारा प्रशंसा की गई।

# दीपावली के चलते संयुक्त दल ने की प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर जांच, 10 रसोई गैस सिलेंडर किए जब्त



**गंजबासौदा।** जिला प्रशासन के निर्देश पर शुक्रवार को गंजबासौदा क्षेत्र में संयुक्त जांच दल द्वारा विभिन्न होटल एवं प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच के दौरान कुल 5 प्रतिष्ठानों से 10 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 6 भट्टियां, गैस चूल्हे जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 39,000 रुपए आंकी गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा होटल एवं प्रतिष्ठानों से मिल्क केक एवं सोन पापड़ी तथा मलाई टिकिया एवं मावा की पतली बर्फी के नमूने परीक्षण हेतु लिए गए। संयुक्त जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नगर पालिका, पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारी सम्मिलित रहे। निरीक्षण एवं कार्रवाई दीपावली पर्व के पूर्व खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं गैस सिलेंडर के वैध उपयोग की सुनिश्चितता हेतु की गई।

### यातायात पुलिस ने किया जुर्माना

**गंजबासौदा।** यातायात पुलिस द्वारा त्योंदा मार्ग से पचमा बायपास मार्ग पर वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने इन वाहन चालकों से कुल 4500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। अभियान के तहत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले और बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन चलाने वालों पर विशेष रूप से कार्रवाई की गई। नो एंट्री में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री से गुहार लगाने पहुंचे परिवार

**विदिशा।** मुगलसराय थाने के ग्राम झंडवा में रहने वाले प्रेमनारायण शर्मा अपनी दिव्यांग पत्नी और बेटे के साथ शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से न्याय की गुहार लगाई। शर्मा ने बताया कि 5 लाख के लेनदेन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद सामने वाले पक्ष ने उनके खेत में बोई गई मक्का की फसल को नष्ट कर दिया। इस संबंध में मुगलसराय थाने में शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिसकर्मी और टीआई आरोपियों के पक्ष में मिले हुए हैं। शर्मा ने मंत्री से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की।

### बाइक सवार की इलाज के दौरान हुई मौत

**विदिशा।** अहमदपुर के नजदीक गुरुवार शाम को एक चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। ग्राम बाढ़ेर निवासी 40 वर्षीय बबलू सूर्यवंशी विदिशा से इलाज करा कर घर लौट रहे थे, तभी अहमदपुर से करीब 3 किलोमीटर दूर हादसा हुआ। गंभीर घायल अवस्था में उन्हें मेडिकल कॉलेज विदिशा लाया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### दुखी युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**विदिशा।** मिर्जापुर निवासी सौदान सिंह ने शुक्रवार सुबह आत्महत्या का प्रयास किया। बताया गया कि पड़ोस में रहने वाली 10 वर्षीय बच्ची की फोटो खींचने का आरोप लगाते हुए कुछ लोग उन पर झूठे आरोप लगा रहे थे। लगातार मानसिक तनाव में रहने के बाद उन्होंने सुबह ट्रेन के सामने कूदने की कोशिश की। ट्रेन की चपेट में आने से वे घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है।

### जिला पंचायत की सामान्य बैठक 24 को

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में जिपं की सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 24 अक्टूबर की दोपहर एक बजे से जिला पंचायत के सभागार कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सम्मिलित एजेंडा बिन्दुओं पर आधारित विभागीय जानकारियां 22 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे तक हार्ड कॉपी जिला पंचायत के कक्ष क्रमांक 28 में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### खाद्य विक्रय संस्थानों का निरीक्षण किया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए है कि दीपावली के पावन पर्व के दौरान खाद्य पदार्थो के विक्रय में किसी भी प्रकार की कोताही ना हो। खासकर अमानक स्तर के खाद्य पदार्थो का विक्रय ना हो इसके लिए कार्य क्षेत्रों में सतत निगरानी व औचक निरीक्षण के प्रक्रिया सतत क्रियान्वित रखें। विदिशा तहसीलदार प्रीति पंथी ने बताया कि एसडीएम क्षितिज शर्मा के मार्गदर्शन में आज राजस्व विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारियों की गठित टीमो के द्वारा निरीक्षण किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से बीकानेर स्वीटस माधवगंज में बिना एक्सपायरी डेट अंकित किए गए पैकिंग सामग्री विक्रय पर नापतौल विभाग के साथ जब्ती की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार मोतीश्री, रजवाडी स्वीट्स सहित अन्य मिठाईयों की दुकानों का निरीक्षण किया गया है।

### वर्ल्ड वे स्कूल में दीपोत्सव पर्व पर कार्यक्रम आयोजित

**गुलाबगंज।** स्थानीय वर्ल्ड वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपोत्सव पर्व दीपावली की पूर्व बेला पर स्कूल प्रांगण में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्कूल के नन्हे मुन्ने छात्र छात्राओं के द्वारा रामायण के पात्रों का रूप धारण कर राम बारात निकाली। कक्षा 6 से कक्षा 9 तक के छात्र-छात्राओं द्वारा इंटर हाउस कंपटीशन के अंतर्गत थाली, दिए तथा कलश डेकोरेशन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को दीपावली के दिन पटाखे छोड़ते समय रखने वाली सावधानियों से अवगत कराया।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा में ली अधिकारियों की बैठक

# खाद-बीज वितरण व्यवस्था सरल हो, किसानों पर नैनो यूरिया लेने के लिए दबाव न बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏩ विदिशा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में जिले की कृषि कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद और बीज की उपलब्धता सहज व सरल तरीके से सुनिश्चित की जाए। ऑनलाइन प्रक्रिया से अनभिज्ञ किसानों के लिए ऑफलाइन व्यवस्था भी समानांतर रूप से संचालित हो ताकि कोई भी किसान परेशान न हो।



विदिशा। महिला स्वसहायता सामूह द्वारा तैयार किए जा रहे गोमय दीपक बनाने की प्रक्रिया को समझते हुए केंद्रीय मंत्री।

चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार हर वर्ष किसानों को सस्ती दरों पर खाद उपलब्ध कराने के लिए करीब पौने दो लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी देती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रबी फसल के लिए खाद की आपूर्ति का आंकलन अभी से पूरा कर लिया जाए और उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, विधायक हरिसिंह सप्रे, हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा आदि उपस्थित रहे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने विभागीय उपलब्धियों, डिजिटल फसल सर्वेक्षण, बीज एवं उर्वरक वितरण व्यवस्था, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति सहित विभिन्न बिंदुओं पर पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि फसल बीमा योजना का लाभ हर किसान तक पहुंचे, कोई भी वंचित न रहे। बीमा कंपनी के ऑनलाइन सर्वे के साथ-साथ फसल कटाई प्रयोग से भी नुकसान का आकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि बीज की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, क्योंकि कई बार रजिस्टर्ड समितियों के नाम से बीज सप्लाई होने पर भी उत्पादन प्रभावित होता है।

श्री चौहान ने स्पष्ट कहा कि किसानों पर नैनो यूरिया लेने का दबाव न बनाया जाए। जो किसान इसे लेना चाहते हैं, केवल उन्हें ही विक्रय किया जाए। उन्होंने नकली खाद और दवाओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि निरीक्षण और सैंपलिंग की प्रक्रिया सतत जारी रखी जाए। बैठक के दौरान नगरपालिका कार्यों की समीक्षा भी की गई। केंद्रीय मंत्री ने सड़कों, सीवेज, पार्कों और साफ-सफाई से जुड़ी योजनाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन और निकाय मिलकर विदिशा के गौरव को पुनः स्थापित करें। चौहान ने सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की भी जानकारी ली और स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने पर बल दिया। अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष ने एनएचएआई के कार्यों से किसानों को हो रही समस्याओं पर आधारित स्मरण-पत्र केंद्रीय मंत्री चौहान को सौंपा।

### पूर्व सीएम की पत्रकार वार्ता का बहिष्कार हुआ

एक घंटे इंतजार के बाद भी शिवराज सिंह के नहीं आने से पत्रकार नाराज हो गए और पत्रकार वार्ता का बहिष्कार कर दिया। वह जनसुनवाई कक्षा में दोपहर 2 बजे पत्रकारों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले थे। 2 पत्रकार मौके पर पहुंच गए केंद्रीय मंत्री के इंतजार में 3:5 तक पत्रकार बैठे रहे। कोई भी अधिकारी शिवराज सिंह के आने का नियत समय नहीं बता पाया बस टालते रहे। अध्यक्ष सचिन तिवारी का कहना है कि त्योहार का समय है सबकी व्यस्तताएं हैं। इसलिए सामूहिक निर्णय लेकर उनकी वार्ता का बहिष्कार करना पड़ा सभी को एक दूसरे के समय का ख्याल रखना चाहिए।

## साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के आंगन में उतरा विष्णु लोक





**विदिशा।** दीप पर्व की अगवाई में साकेत स्कूल के प्रांगण में विष्णु लोक दर्शन की मनमोहक प्रस्तुति दी गईं। विगत 30 वर्षों से साकेत परिवार द्वारा दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा। इस वर्ष भी दीपोत्सव का दो दिवसीय कार्यक्रम 17 एवं 18 अक्टूबर को साकेत एमजीएम स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया। रंगों से सजी रंगोली में विष्णु लोक दर्शन को चित्रित किया। जिसमें विष्णु जी के दशावतारों को विभिन्न रंगों से उकेरा गया। मां नवदुर्गे के नो रूपों का चित्रण, नरसिंह अवतार की मनमोहक रंगोली एवं ऑपरेशन सिंदूर में देश की तीनों सेनाओं की महिला अधिकारियों के चित्र का चित्रण भी किया गया। महा कुंभ में भगवान शंकर, गण, तपस्वी साधुओं, कलश में विराजनमान श्री हरि विष्णु, शंकर जी, ब्रह्मा जी आकृति को दिखाया गया। महाकुंभ में गंगा, यमुना, त्रिवेणी संगम का मनमोहक चित्रण किया गया।

# घर घर स्वदेशी हर घर स्वदेशी, हम सबका संकल्प है: लता वानखेड़े

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरवाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पूरे देश में चल रहे घर-घर स्वदेशी अभियान के तहत कुरवाई में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि यह अभियान केवल नारा नहीं, बल्कि विकसित भारत की नींव है।

सांसद वानखेड़े ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और देशी उत्पादों को अपनाते हुए देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे विदेशी वस्तुओं के स्थान पर स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह सप्रे ने सांसद वानखेड़े का पीताम्बर वस्त्र भेंट कर स्वागत किया और कहा कि स्वदेशी को अपनाना ही सच्चा राष्ट्रसेवा का कार्य है। कार्यक्रम को भाजपा जिला महामंत्री मुकेश तिवारी ने भी संबोधित किया।

संचालन विनोद जैन ने किया। आयोजन में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी और किसानों ने भाग लिया तथा आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दोहराया। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में 13 से 17 अक्टूबर तक मनाए गए सीपीआर जागरूकता सप्ताह का आज सफल समापन हुआ। रेड क्रॉस सोसाइटी और स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस अभियान में बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### मक्का की फसल पर दोहरी मार: एमएसपी से नीचे दाम, अब सरकारी खरीद से उम्मीद

**शमशाबाद।** इस बार मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिलना भी मुश्किल हो गया है। किसानों को मक्का फसल को बढ़ावा मिलने व पिछले वर्ष मंडियों में ऊंचे दाम बिकने से किसानों को अच्छा लाभ हुआ था। जिससे इस बार किसानों ने मक्का की बड़ी मात्रा में बुआई की थी। लेकिन इस बार मक्का की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है । एमएसपी न मिलने से किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है।

### विधायक शैलेंद्र जैन से परशुराम कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि मंडल ने की भेंट

**सागर।** परशुराम कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन से उनके निवास पर भेंट की और सागर में भगवान परशुराम भवन एवं संग्रहालय के निर्माण की मांग रखी। इस अवसर पर विधायक जैन ने कहा कि भगवान परशुराम हम सभी के आराध्य हैं और जल्द ही सागर में उनके नाम पर एक भव्य मंगल भवन का निर्माण किया जा रहा है। विधायक जैन ने बताया कि भवन में भगवान परशुराम की एक बड़ी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी और वहां सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह भवन न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी होगा, बल्कि समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के लिए पुस्तकालय और ईलाइब्रेरी सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं भी प्रदान की जाएँगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि संग्रहालय की मांग को पूरा किया जाएगा।






















विदिशा हरिभूमि परिवार की ओर से सभी जिलेवासियों को धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

















